श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय

(केन्द्रीय विश्वविद्यालय)

बी-४ कुतुब सांस्थानिक क्षेत्र, नई दिल्ली-११००१६

अतिआवश्यक

क्रमांक:एफ-3/एलबीएस/शै०/2022-23/ 1334

दिनांक: 07-02-2022

कार्यालय सूचना

दिल्ली सरकार द्वारा आपदा प्रबन्धन एक्ट के अनुसार आदेश संख्या 60/ 01/DDMA./COVID-19/2021/Vol.II/518 दिनांक 04.02.2022 के अनुसार जारी दिशा निर्देशों के अनुपालन में तथा विश्वविद्यालय द्वारा पूर्व में जारी कार्यालय सूचना के सन्दर्भ में सूचित किया जाता है कि कोविड-19 एवं ओमीक्रोन के संक्रमण के उपरान्त उत्पन्न अनुकूल परिस्थितियों को ध्यान में रखते हुए समस्त अध्यापकों के लिए विश्वविद्यालय दिनांक 07.02.2022 से पूर्ण रूप से खोला जा रहा है।

सभी पीठप्रमुखों, विभागाध्यक्षों व आचार्यों के सहयोग से अध्ययन-अध्यापन का उचित वातावरण तैयार करने हेतु भविष्य में 8-10 दिनों के भीतर छात्र छात्राओं के लिए विश्वविद्यालय प्रागण में प्रवेश सुनिश्चित किया जाना है। इस दौरान छात्र-छात्राओं का अध्ययन-अध्यापन सभी विभागों द्वारा प्रत्यक्ष माध्यम (ऑफलाइन माध्यम) द्वारा सुनिश्चित किया जाएगा।

शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार, दिल्ली सरकार तथा विश्वविद्यालय अनुदान आयोग द्वारा कोविड-19 महामारी के संक्रमण से बचाव हेतु जारी दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा। सम्बन्धित विभाग द्वारा विभाग में पंजीकृत छात्रों की संख्या को ध्यान में रखते हुए विभाग में उपलब्ध आधारभूत आवश्यक सुविधाओं को संज्ञान में लेते हुए छात्रों/छात्राओं के अध्ययन-अध्यापन हेतु समयचक्रानुसार सुचारू रूप से संचालन किया जाएगा।

विश्वविद्यालय परिसर में उपस्थित होने वाले समस्त आचार्यों एवं छात्र को मास्क लगाना, सामाजिक दूरी तथा समय-समय पर हाथों को धोना आदि दिशा-निर्देशों का अनुपालन करना अनिवार्य होगा।

इस सम्बन्ध में समस्त आचार्यों एवं छात्रों से यह अपेक्षा की जाती है कि कोविड-19 महामारी से बचाव हेतु समस्त दिशा-निर्देशों का पालन करें। तथा टीकारण सम्बन्धित प्रमाण-पत्र अपने-अपने विभागाध्यक्ष के समक्ष अनिवार्य रूप से जमा करवाने का कष्ट करें।

विशेष जानकारी हेतु निम्नलिखित दूरभाष नम्बरों पर सम्पर्क किया जा सकता है।

1. शैक्षणिक विभाग - 01146060548, 01146060503, 01146060542

2. प्रशासन समान्य - 01146060646

3. हैल्थकेयर सेन्टर - 01146060642

उपरोक्त सूचना समक्ष अधिकारी की स्वीकृति से जारी की जा रही है।

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

प्रतिलिपि:-

1. समस्त पीठ प्रमुख/विभागाध्यक्ष को इस आशय से प्रेषित कि वे अपने-अपने विभाग के अध्यापकों को सूचना देने का कष्ट करें।
2. प्रो. बिहारी लाल शर्मा, निदेशक आन्तरिक गुणवत्ता आश्वासन प्रकोष्ट
3. संबंधित छात्र
4. संगणक विभाग को इस आशय से प्रेषित कि वे इस सूचना को विश्वविद्यालय की वेबसाइट पर अपलोड करने तथा पीठप्रमुख/विभागाध्यक्ष को प्रेषित करने का कष्ट करें।
5. कुलपति/कुलसचिव के निजी सचिव
6. सहायक पुस्तकालयाध्यक्ष
7. छात्रावास अधिष्ठाता
8. विशेषकार्याधिकारी परीक्षा/उपकुलसचिव (परीक्षा एवं शैक्षणिक)
9. विशेषकार्याधिकारी कुलपति कार्यालय
10. संबंधित पंजिका

सहायक कुलसचिव (शैक्षणिक)

For upload on website

Sachin

.07/02/2022